INDIA NON JUDICIAL

# Government of Uttarakhand

## e-Stamp

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| **Certificate No.** | : IN-UK70222197383646Q |
| Certificate Issued Date | : 15-Jun-2018 12:27 PM |
| Account Reference | : NONACC (SV)/ uk1236004/ NAINITAL/ UK-NT |
| Unique Doc. Reference | : SUBIN-UKUK123600441605523347037Q |
| Purchased by | : Prof D S POKHARIYA DIR MAHADEVI VERMA SRIJAN PEETH |
| Description of Document | : Article Miscellaneous |
| Property Description | : NA |
| Consideration Price (Rs.) | : 0 (Zero) |
| First Party | : Prof D S POKHARIYA DIR MAHADEVI VERMA SRIJAN PEETH |
| Second Party | : NA |
| Stamp Duty Paid By | : Prof D S POKHARIYA DIR MAHADEVI VERMA SRIJAN PEETH |
| Stamp Duty Amount(Rs.) | : 100 (One Hundred only) |

Please write or type below this line

**MEMORANDUM OF UNDERSTANDING**
**BETWEEN**
**KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL**
**AND**
**MAHATMA GANDHI ANTARRASHTRIYA HINDI VISHWAVIDYALAYA, WARDHA (MAHARASHTRA)**

**CL.1 THE MoU**

Cl.1.1 THIS MoU made and entered into on 21 day of July, 2018 between Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya (hereinafter called

MGAHV which expression shall where the context so admits include its successors and permitted assigns) of the one part,

And

CL.1.2 KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL, was established in 1973 under the UP State Act, having it's office at Kumaun University, Nainital Uttarakhand – 263001 (hereinafter called the KUMAUN UNIVERSITY (KUN) which expression shall where the context so admits include its successors and permitted assigns ) of the other part.

## PREAMBLE:

The University Grants Commission have realized the need for a close linkage between the Universities in terms of research and academic activities. In compliance to this idea, Kumaun University, Nainital (KUN) and Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya (MGAHV) have decided to sign a Memorandum of Understanding (MoU) as per the following terms and conditions:

## 1. GENERAL

1.1 The Academician/Faculty Members/Students of MGAHV may participate in the teaching programme/Seminar/Workshop etc in the different departments such as Mahadevi Verma Srijan Peeth, Hindi Department (SSJ, Almora and DSB, Nainital Campuses), of the Kumaun University on request and subject to mutual convenience.

1.2 MGAHV will provide library facilities to the the Academician/Faculty Members/ Students of KUN and likewise KUN will also provide the same facilities to the Academician/ Faculty Members/ Students of MGAHV.

1.3 The Academician/Faculty members and students of above mentioned department of KUN/MGAHV shall be issued necessary permission, on request, to access to other facilities of KUN/ MGAHV as per their respective rules.

1.4 Whenever required, MGAHV shall arrange hostel/guest house accommodation for KUN faculty members and students visiting MGAHV for teaching programme/Seminar/Workshops etc and likewise KUN will also provide the same facilities to the Academician/ Faculty Members/ Students of MGAHV.

## 2. ACADEMIC AND DEVELOPMENTAL PROGRAMMES:

2.1 MGAHV and KUN will work closely to generate appropriately trained manpower in the related areas through organization of formal academic curricula, symposia, short term training courses, etc.

2.2 Honorarium, TA/DA (if applicable) will be provided to the faculty members/ Academician/Students of KUN and MGAHV as per rule by requesting organizations.

2.3 It is further agreed that the Vice-Chancellor, KUN and MGAHV through periodic meeting will monitor the progress of this MoU. Any change/Modification / termination as introduced/suggested by the Review Committee (Comprising of Vice-Chancellor, KUN and MGAHV, Director-Mahadevi Verms Srijan Peeth, Academic Coordinator of MGAHV and other members as may be mutually decided by them) shall be acceptable to both the institutions. In case of difference of opinions and dispute, if any, the common verdict of the Hon'ble Vice-Chancellor of Kumaun University, Nainital (Uttarakhand) and Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha (Maharashtra) shall be final.

Signed this day of 21 July, 2018

Academic Co-ordinator
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya,
Wardha (Maharashtra)
अकादमिक संयोजक
Academic Co-ordinator
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा.
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi
Vishwavidyalaya, WARDHA

Director
Mahadevi Verma Srijan Peeth
Kumaun University, Nainital
DIRECTOR
Mahadevi Verma Srajan Peeth
Kumaun University
Malla Ramgarh (Nainital)

Registrar
Kumaun University,
Nainital
कुलसचिव,
कुमायूं विश्वविद्यालय
नैनीताल.

Director-SRICC
Kumaun University,
Nainital
DIRECTOR
Sponsored Research And Industrial
Consultancy Cell
Kumaun University, NAINITAL

The MoU will come into force from the date of approval of the draft both by the Executive Council of Kumaun University, Nainital (Uttarakhand) and Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha (Maharashtra).

महादेवी वर्मा सृजन पीठ, कुमाऊँ विश्वविद्यालय
रामगढ़–263 137 जिला नैनीताल (उत्तराखण्ड)
फोन : (05942) 281283 ई–मेल : mahadevisrijan.peeth@gmail.com

पत्रांक : 9173 / म.सृ.पी. / एमओयू / 2018–19 दिनांक : 28.07.2018

सेवा में,

निदेशक
Sponsored Research and Industrial Consultancy Cell (SRICC)
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

**विषय : कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल तथा महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के मध्य आपसी समझौता (एमओयू)।**

महोदय,

हिंदी भाषा और साहित्य में शिक्षण, शोध एवं प्रसार तथा साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से दिनांक 21. 07. 2012 को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र) तथा कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखण्ड) के मध्य परस्पर समझौता (एमओयू) हुआ था। इस समझौते को दिनांक 21. 07. 2015 को तीन वर्ष की अवधि के लिए विस्तार प्रदान किया गया। उक्त समझौते की तीन वर्ष की अवधि दिनांक 20. 07. 2018 को समाप्त हो गई है।

इस समझौते (एमओयू) को दिनांक 21. 07. 2018 से आगामी पाँच वर्ष के लिए विस्तार हेतु महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा ने सहमति प्रदान की है तथा कुमाऊँ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में रु. 100/– के ई–स्टैम्प में समझौते (एमओयू) की मूल प्रति हस्ताक्षर कर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा की अकादमिक संयोजक डॉ0 शोभा पालीवाल ने आगे की कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराई है।

निवेदन है कि कृपया समझौते (एमओयू) पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों के हस्ताक्षरोपरांत समझौते की प्रति उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्न :
उपरोक्तानुसार

(प्रो. देव सिंह पोखरिया)
निदेशक

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

डॉ. शोभा पालीवाल / **Dr. Shobha Paliwal**
अकादमिक संयोजक/ **Academic Coordinator**
दूरभाष/Phone: +91 7387812625


पत्रांक : 062 / 2018–19 / एमओयू / 01/114
दिनांक : 09 जुलाई 2018

पत्र प्राप्ति सं. 444
दिनांक 17.07.2018
महादेवी वर्मा सृजन पीठ
कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

प्रति,
प्रो. देव सिंह पोखरिया
निदेशक
महादेवी वर्मा सृजन पीठ
कुमाऊँ विश्वविद्यालय
रामगढ़– 263137

महोदय

आपके पत्रांक :9011 / म.सृ.पी. / एमओयू / 2018–19 दिनांक 30–06–2018 के अनुसार कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल तथा महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के मध्य आपसी समझौता (एमओयू) की दो प्रतियों में इस विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय के हस्ताक्षर और गैर–न्यायिक शपथ पत्र पर अकादमिक संयोजक के हस्ताक्षर उपरांत इसकी मूल प्रति आगे की कार्यवाही हेतु इस पत्र के साथ प्रेषित है। आपके विश्वविद्यालय के कुलपति तथा अन्य अधिकारियों के हस्ताक्षर के पश्चात समझौते और शपथ पत्र की प्रति हमें उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे।

सादर

9/7/18

शोभा पालीवाल

21 जुलाई, 2018

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखंड)

तथा

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय,

वर्धा (महाराष्ट्र)

के मध्य

आपसी समझौता (MOU)

## कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल (उत्तराखंड) तथा महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा (महाराष्ट्र) के मध्य आपसी समझौता (MOU)

हिंदी भाषा और साहित्य में शिक्षण, शोध एवं प्रसार तथा साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ाने के उद्देश्य से कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल और महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के मध्य दिनांक 21 जुलाई 2012 को हुए आपसी समझौते (MOU) की अवधि को आगामी 5 वर्ष के लिए (21 जुलाई, 2023 तक) बढ़ाए जाने हेतु निम्नलिखित बिंदुओं पर सहमति हुई :

1. इस अनुबंध के अंतर्गत महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल में संगोष्ठियाँ, व्याख्यान, कार्यशालाएँ, पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आदि का आयोजन कर सकेगा। ये आयोजन वर्ष में कभी भी कुमाऊँ विश्वविद्यालय के रामगढ़ (नैनीताल) स्थित महादेवी वर्मा सृजन पीठ या नैनीताल/भीमताल/अल्मोड़ा परिसरों और यू.जी.सी. एकेडमिक स्टाफ कॉलेज में आयोजित किए जा सकते हैं। चूँकि वर्धा (महाराष्ट्र) में गर्मियों में तापमान बहुत अधिक रहता है, इसलिए मार्च से अगस्त तक विशेषकर एक समय में तकरीबन 20 विद्यार्थियों का शैक्षणिक कार्यक्रम वर्धा विश्वविद्यालय कुमाऊँ विश्वविद्यालय में आयोजित कर सकेगा। इसी प्रकार कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल भी वर्धा विश्वविद्यालय में उपर्युक्त कार्यक्रम आयोजित कर सकेगा।
2. कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल और महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के अधिकारियों, विषय–विशेषज्ञों, सहभागियों, अध्यापकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के यात्रा और मानदेय आदि का भुगतान प्रायोजक विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा तथा आवास, भोजन एवं स्थानीय भ्रमण का व्यय आयोजक विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जायेगा।
3. कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल एवं महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के अधिकारी, प्राध्यापक, शोधार्थी व विद्यार्थी विभागाध्यक्ष या सक्षम अधिकारी की अनुमति से दोनों विश्वविद्यालयों के विभिन्न केंद्रों में आ–जा सकेंगे।

4. हिंदी विश्वविद्यालय के अतिथि लेखक महादेवी वर्मा सृजन पीठ अथवा विश्वविद्यालय के अतिथि गृहों में रह सकेंगे। इस अवधि में उनके आवास और भोजन की व्यवस्था कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल करेगा।
5. कार्यक्रम के आयोजनों में शामिल महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा तथा कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के सहभागी अध्ययन हेतु विश्वविद्यालय के पुस्तकालयों का निःशुल्क उपयोग कर सकेंगे।
6. इस अनुबंध (MOU) की अवधि पाँच वर्ष तक लागू रहेगी तथा यह अवधि पूर्ण होने से पूर्व समझौते की समयावधि आगे बढ़ाए जाने के लिए फिर से समीक्षा की जाएगी। कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की ओर से इस समझौते को क्रियान्वित करने का दायित्व महादेवी वर्मा सृजन पीठ द्वारा किया जाएगा।
7. यदि कोई पक्ष उपर्युक्त अनुबंध को समाप्त करना चाहता है, तो कम से कम तीन माह पूर्व उसे लिखित रूप में दूसरे पक्ष को सूचित करना होगा।
8. यह एम.ओ.यू. कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल तथा महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा की कार्य–परिषद की आगामी बैठक में स्वीकृति के उपरांत लागू माना जाय।

(प्रो. गिरीश्वर मिश्र)
कुलपति, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(प्रो. डी.के. नौड़ियाल)
कुलपति, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल